■ अमरावती ■ गुरुवार, 22 मार्च 2018 ■ अमरावती, नागपुर, अकोला, यवतमाल, बुलढाणा, वाशिम व वर्धा का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक ■ अंक - 55 ■ वर्ष - 25 ■ पृष्ठ -20 ■ मूल्य - 5.00 रु. डाक पंजीयन ATI/RNP/052/2015-2017/आर.एन.आई. क्रं.63271/94

प्रतिदिन अखबार

सकारात्मक सोच का 3रा दशक

www.pratidinakhabar.com

प्रॉपर्टी
अमरावती मधील सर्व प्रॉपर्टी एकाच ठिकाणी तुम्हाला हवे ते लोकेशन निवडायचे स्वातंत्र्य प्लॉट, फ्लॅट, शेती, घर, मकान, दुकान व ऑफिस करिता विकणे व भाड्याने मिळण्याचे एकच ठिकाण
कमी किमतीत अमरावती मधील प्राईम लोकेशनमध्ये फ्लॅट आणि घरे देणारी एकच कंपनी
SMAMRT DEAL अमरावती
नितिन माहोरे - 9850514007
लोन सुविधा उपलब्ध
MAHA RERA No. A 50300010466

पैसा ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोरी, टायमिंग मे कमी, शिघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान आदि रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धती से मनचाहा सेक्स पावर पुरी सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क
तुलसी आयुर्वेदीक
राजकमल चौक, नमुना गल्ली नं.4, अमरावती. 9689848587

विदर्भ का मौसम

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

अमरावती	38-22
अकोला	38-22
बुलढाणा	36-20
वाशिम	36-22
यवतमाल	37-22
वर्धा	38-21
नागपुर	37-21
गोंदिया	37-23
ब्रह्मपुरी	36-23
चंद्रपुर	37-24

दस साल में सियाचिन में 163 जवान हुए शहीद

नई दिल्ली, एजेन्सी, 21 मार्च - दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में पिछले दस साल में भारत के 163 जवानों ने अपनी जान गंवाई है. इनमें छह अधिकारी शामिल हैं. यह जानकारी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में दी है. करीब 20 हजार फुट ऊंचे सियाचिन इलाके में दुरुह प्राकृतिक स्थितियां हैं. काराकोरम पहाड़ी इलाके में स्थित सियाचिन ग्लेशियर पर लगभग पूरे साल मुश्किल हालात रहते हैं. जब-तब उठने वाला बर्फीला तूफान यहां की स्थितियां जानलेवा बना देता है, जिसकी चपेट में जवान आ जाते हैं. हिम स्खलन और जमीन धंसने की घटनाएं यहां पर आम हैं.

इंडियन ऑयल ने शुरू की डीजल की होम डिलिवरी

नई दिल्ली, एजेन्सी, 21 मार्च - सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑइल कॉर्प ने पुणे में डीजल की होम डिलिवरी की प्रायोगिक शुरूआत की है. कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में इस सेवा को देश के अन्य हिस्सों में भी शुरू करने की है. कंपनी के चेयरमैन संजीव सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी. कंपनी ने इसके लिए डीजल भरने वाली मशीन को एक ट्रक में लगाया है. यह मशीन उसी तरह की है जैसी पेट्रोल पंपों पर लगी होती हैं. ट्रक में एक टंकी भी लगी हुई है. इसके जरिए ही शहर में लोगों को डीजल की होम डिलिवरी की जाएगी. उन्होंने कहा, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) से मंजूरी मिलने के बाद इस तरह की सेवा शुरू करने वाली हम पहली कंपनी हैं.

सराफा

सोना : 31360 रु. (10 ग्राम)
चांदी : 41000 (किलो)

शेयर

सेंसेक्स : 33136.18 (139.4)
निफ्टी : 10155.25 (30.90)

चिकमंगलूर : कर्नाटक दौरे के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने चिकमंगलूर स्थित श्रृंगेरी मठ के दर्शन किए.

मोदी झूठे, 14 साल का बच्चा सच्चा: राहुल

चिकमंगलूर, एजेंसी, 21 मार्च-कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार में जोर-शोर से जुटे कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी रैली और रोड शो के अलावा लगातार धार्मिक स्थलों का भी दौरा कर रहे हैं. बुधवार को राहुल गांधी चिकमंगलूर स्थित श्रृंगेरी मठ पहुंचे. यहां उन्होंने वेद पाठशाला के छात्रों से भी मुलाकात की. बाद में एक रैली में उन्होंने श्रृंगेरी मठ में छात्रों से मुलाकात का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा. राहुल ने कहा कि यहां मठ में 14 साल के बच्चे धर्म के बारे में हमारे पीएम से कहीं बेहतर जानकारी रखते हैं. वह (मोदी) तो झूठ बोलते हैं. चिकमंगलूर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा -मैं श्रृंगेरी मठ में था, जो आदि शंकराचार्यजी की कर्मभूमि है. वहां मैंने छात्रों से बातचीत की. एक 14 साल के छात्र ने मुझे बताया कि धर्म मतलब सत्य यानी सत्यमेव जयते। दूसरे छात्रों ने भी धर्म के बारे में यही जानकारी दी. यह सोचकर मैं आश्चर्यचकित रह गया कि ये 14 साल के बच्चे हमारे प्रधानमंत्री से बेहतर धर्म के बारे में जानकारी रखते हैं. पीएम तो झूठ बोलते हैं. राहुल ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा-पीएम मोदी यहां आए थे और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ बातें कीं. पर, उसी समय उनके मंच पर जो बीजेपी के नेता मौजूद थे वे भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जा चुके हैं. इनमें बीजेपी के सीएम कैंडिडेट भी शामिल हैं.

रैली में पीएम पर साधा निशाना

नया घोटाला: 14 बैंकों को 824.15 करोड़ का चूना

एक और नीरव मोदी देश से फरार

चेन्नई, एजेंसी, 21 मार्च- पंजाब नैशनल बैंक में देश के सबसे बड़े लोन घोटाले की जांच के बीच एक और जूलरी कंपनी का बैंकिंग घोटाला सामने आया है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जूलरी चेन कनिष्क गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 824.15 करोड़ के लोन फ्रॉड को लेकर सीबीआई से जांच की मांग की है.

कनिष्क का रजिस्टर्ड ऑफिस चेन्नै में है. इसके मालिक और प्रमोटर-डायरेक्टर भूपेश कुमार जैन और उनकी पत्नी नीता जैन हैं. बैंकर्स ने कहा कि वे दंपती से संपर्क नहीं कर पाए हैं. माना जा रहा है के वे अभी मॉरिशस में हैं. सीबीआई ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है.

जिन 14 सरकारी और प्राइवेट बैंकों ने कनिष्क को लोन दिया है उनमें एसबीआई सबसे आगे है. 25 जनवरी 2018 को लिखे लेटर में एसबीआई ने कनिष्क पर रिकॉर्ड्स में फेरबदल और रातोंरात दुकान बंद करने का आरोप लगाया है.

मूलधन 824 करोड़ रुपये का है, लेकिन ब्याज को भी जोड़ लें तो बैंकों को 1 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है. इसकी जानकारी सबसे पहले एसबीआई ने 11 नवंबर 2017 को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को दी. जनवरी तक दूसरे बैंकों ने भी रेग्युलेटर को धोखाधड़ी के बारे में बताया. एसबीआई ने कहा कि जूलर ने सबसे पहले मार्च 2017 में ब्याज भुगतान में 8 सदस्य बैंकों से डिफॉल्ट किया. अप्रैल 2017 तक कनिष्क ने सभी 14 बैंकों को पेमेंट रोक दी. 5 अप्रैल 2017 को स्टॉक ऑडिट की शुरूआत के समय बैंकर्स प्रमोटर से संपर्क करने में असफल रहे.

25 मई 2017 को जब बैंकर्स ने कनिष्क के कॉर्पोरेट ऑफिस का दौरा किया तो फैक्ट्री, शोरूम बंद था. वहां कोई कामकाज नहीं हो रहा था. उसी दिन भूपेष जैन ने बैंकर्स को लेटर लिखकर रिकॉर्ड्स में जालसाजी की बात स्वीकार की. बाद में जब बैंकर्स दूसरे शोरू पर पहुंचे तो पता चला कि वे भी बंद हैं.

एसबीआई के लेटर से पता चलता है कि कनिष्क पर लोन 2007 से ही बकाया है. समय बीतने के साथ बैंकों ने कनिष्क के लिए क्रेडिट लिमिट और वर्किंग कैपिटल लोन की लिमिट बढ़ा दी.

दागियों को पार्टी अध्यक्ष बनने से नहीं रोक सकता सुप्रीम कोर्ट

केन्द्र का जवाब

दिल्ली, एजेंसी, 21 मार्च-सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका में दोषी करार दिए जा चुके नेताओं को राजनीतिक दलों में अहम पद संभालने पर रोक लगाने की मांग की गई है. वहीं, केंद्र सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दखल के खिलाफ राय व्यक्त की है. केंद्र का कहना है कि मौजूदा कानून में संशोधन के लिए कोर्ट की ओर से सरकार को बाध्य नहीं किया जा सकता. केंद्र के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट विधायिका को निर्देश जारी नहीं कर सकता. केंद्र का ये भी कहना है कि चुनाव आयोग के पास ऐसी शक्तियां नहीं है कि वो ऐसी किसी पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दे जिसके प्रमुख दोषी साबित हो चुके राजनेता हैं.

फेसबुक लिंक : कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा

आरोप-प्रत्यारोप

दिल्ली, एजेंसी, 21 मार्च-बीजेपी ने जिस विवादित डेटा फर्म से कनेक्शन को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला, वह आरोप उल्टा पड़ता दिख रहा है. कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए दावा किया है कि ब्रिटिश एजेंसी कैम्ब्रिज एनालिटिका की क्लाइंट कांग्रेस नहीं बल्कि बीजेपी है. कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने एजेंसी की वेबसाइट से मिली जानकारियों के आधार पर दावा किया कि 2010 के बिहार चुनाव में बीजेपी ने इस एजेंसी की सेवाएं ली थीं. उस समय बीजेपी का जेडीयू के साथ गठबंधन था. गौरतलब है कि इससे कुछ घंटे पहले केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पार्टी के इस एजेंसी से कनेक्शन का दावा किया था. प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2019 के चुनाव प्रचार के लिए ब्रिटिश एजेंसी कैम्ब्रिज एनालिटिका को जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर घूस लेने, सेक्स वर्कर्स के जरिए राजनेताओं को फंसाने और फेसबुक से डेटा चुराने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी चुनाव प्रचार के समय इसी एजेंसी की सेवाएं ली थीं. सुरजेवाला ने कहा कि बीजेपी की फेक न्यूज की फैक्टरी ने आज एक और फर्जी खबर तैयार की है. उन्होंने आरोप लगाया- ऐसा लगता है कि फेक स्टेटमेंट्स, फेक प्रेस कॉन्फ्रेंस और फेक अजेंडा

देखें पेज 3

शेष पृष्ठ 2 पर

संकट में सिद्धू का सियासी करियर !

सुको में 30 साल पुराने रोड रेज केस की सुनवाई शुरू

दिल्ली, एजेंसी, 21 मार्च-नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ 30 साल पुराने रोड रेज केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है. अमृतसर से तीन बार सांसद रह चुके सिद्धू फिलहाल पंजाब सरकार में मंत्री हैं और इस मामले में कोर्ट का फैसला क्रिकेटर से राजनेता बने सिद्धू का राजनीतिक करियर की दिशा तय कर सकता है. जस्टिस जे चेल्मेश्वर और संजय कौल की पीठ इस केस की सुनवाई कर रही है. वहींसिद्धू के वकील ने दलील दी है कि वो निर्दोष हैं.

क्या था मामला ? : ये घटना 27 दिसंबर 1988 की है. कार पार्किंग को लेकर सिद्धू की गुरनाम सिंह नाम के बुजुर्ग के साथ कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई. गुरनाम सिंह के साथ उनका भांजा भी था. भांजे के मुताबिक, सिद्धू ने गुरनाम को घुटना मारकर सड़क पर गिरा दिया. इसके तुरंत बाद ही गुरनाम को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इससे पहले ही वो दम तोड़ चुके थे.

काबुल में धमाका: 26 मरे

काबुल, एजेंसी, 21 मार्च- अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पीडी3 में बुधवार को हुए धमाके में 26 लोगों की मौत हो गई है. धमाके में 18 लोग घायल हुए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से भी कहा गया है कि विस्फोट से कई लोगों के हताहत होने की आशंका है. मरने वालों की संख्या में अभी बढ़ोतरी हो सकती है.

टोलो न्यूज के मुताबिक, धमाके के कुछ देर बाद ही जमीन पर कई लोगों के शव बिखरे पड़े थे.

शिवसेना ने स्किल इंडिया पर साधा निशाना

प्रतिनिधि, 21 मार्च

मुंबई-शिवसेना ने रेलवे अप्रेन्टिस आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी स्किल इंडिया कार्यक्रम पर निशाना साधा. पार्टी ने कहा कि भाजपा एक साल में एक करोड़ नौकरी देने के अपने वादे पर खड़े नहीं उतरे और यहां तक कि 1000 लोगों को भी नौकरी नहीं मिली. शिवसेना ने दावा किया कि सरकार के पास स्किल इंडिया कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण में शामिल होने वालों और बाद में नौकरी लेने वालों का कोई आंकड़ा नहीं है.

विज्ञापनों पर करोड़ों खर्च करती है मोदी सरकार

रेलवे अप्रेन्टिस आंदोलन

रेलवे में नौकरियों की मांग को लेकर सैंकड़ों रेलवे अप्रेन्टिस और अन्य छात्र मंगलवार को माटूंगा और छत्रपति शिवाजी महाराज टिंमनस (सीएसएमटी) स्टेशनों के बीच पटरियों पर बैठ गये थे. इस कारण 68 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा और हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. आंदोलनकारियों में अधिकतर

शेष पृष्ठ 2 पर

मेरीकॉम का एनजीओ जांच के दायरे में

दिल्ली, एजेंसी, 21 मार्च- ओलंपिक में पदक विजेता सांसद मेरीकॉम की एनजीओ सरकार के जांच के दायरे में हैं. गृह राज्य मंत्री किरण रिजीजू ने कहा कि मेरीकॉम के एनजीओ के अलावा राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट और आईटी इंडस्ट्री से जुड़ी नैस्कॉम सहित 42 एनजीओ जांच के दायरे में हैं.

17 लाख से अधिक बुजुर्ग रेल यात्रियों ने छोड़ी सब्सिडी

रेलवे को हुई 29 करोड़ की कमाई

नई दिल्ली, एजेन्सी, 21 मार्च - ट्रेनों में सफर करने वाले 17 लाख से अधिक बुजुर्ग यात्रियों ने यात्रा टिकट पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ दी. जिसकी वजह से रेलवे को लगभग 29 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हुई. सब्सिडी छोड़ने वालों में से लगभग 9 लाख तो ऐसे यात्री थे, जिन्होंने पूरी सब्सिडी ही छोड़ी जबकि लगभग 8.5 लाख यात्रियों ने आधी सब्सिडी छोड़ी और आधी सब्सिडी का फायदा लिया.

उल्लेखनीय है कि रेलवे यात्रा करने वाले बुजुर्गों में से महिला बुजुर्गों को यात्रा टिकट पर 50 फीसदी और पुरुष बुजुर्ग यात्रियों को 40 फीसदी की सब्सिडी प्रदान करता है. लेकिन पिछले साल रेलवे ने विकल्प दिया था कि अगर कोई बुजुर्ग यात्री सब्सिडी लेने की बजाय यात्रा का पूरा ही किराया देना चाहे तो रेलवे सहर्ष तैयार है. इसके बाद पिछले साल जुलाई में यह भी व्यवस्था की गई कि यदि कोई बुजुर्ग या सीनियर सिटीजन पूरी की बजाय आधी सब्सिडी छोडना चाहता है तो रेलवे उसे भी स्वीकार करेगा.

रेलवे का कहना है कि इस साल 22 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक 9.08 लाख वरिष्ठ नागरिकों ने तो शत प्रतिशत सब्सिडी छोड़ दी यानी उन्होंने अपने सफर के लिए टिकट पर रियायत लेने की बजाय पूरा पैसा दिया. इसी तरह से 8.55 लाख सीनियर सिटीजंस ऐसे थे, जिन्होंने सब्सिडी के तौर पर मिलने वाली रियायत में से 50 फीसदी ही स्वीकार की. इसकी वजह से रेलवे को इस वित्तीय साल में अब तक 28.98 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है.

'मेस्मा' को लेकर विधानसभा व विधान परिषद में हंगामा

शिवसेना विधायक राजदंड ले भागे

प्रतिनिधि, 21 मार्च

मुंबई - कुछदिन पूर्व आंगनवाड़ी सेविकाओं ने मुंबई में आंदोलन किया था. उसके बाद उन पर 'मेस्मा' अंतर्गत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी. 'मेस्मा' को लेकर बुधवार को राज्य के दोनों सदन विधानसभा व विधान परिषद में जमकर हंगामा हुआ. विधानसभा अध्यक्ष का राजदंड शिवसेना विधायक लेकर भागे. 'मेस्मा' कानून रद्द करने की शिवसेना की भूमिका को विरोधियों ने समर्थन दिया. विधानसभा में आक्रामक शिवसेना विधायक ज्ञानराज चौगुले ने विधानसभा अध्यक्ष का राजदंड उठाते ही सदन में शोर मच गया. अत्यंत कम मानदेय पर काम करने वाली आंगनवाड़ी सेविकाओं को अत्यावश्यक सेवा के तहत 'मेस्मा' लगाना है तो उन्हें भी सरकारी कर्मियों की तरह मानदेय देने की मांग शिवसेना व विरोधियों ने रखी.

'मेस्मा' का मंत्रिमंडल में करें विरोध

आंगनवाड़ी सेविकाओं पर 'मेस्मा' लगाना सरकार की भूमिका गलत है. यह निर्णय रद्द होना चाहिए. शिवसेना द्वारा सदन में हंगामा मचाकर राजदंड उठाना सिर्फ नौटंकी है. शिवसेना सरकार में सहभागी है. अगर उनमें साहस है तो 'मेस्मा' का मंत्रिमंडल की बैठक में विरोध करने की चुनौती विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दी.

पंकजा मुंडे भूमिका पर कायम

दूसरी ओर महिला और बाल विकास मंत्री पंकजा मुंडे 'मेस्मा' की भूमिका पर कायम हैं और आंगनवाड़ी सेविकाओं की निवृत्ति की आयु 65 वर्ष रहने पर डटी हुई हैं.

सरकार को लिया आड़े हाथ : विधान परिषद में विरोधियों ने सरकार को आड़े हाथ लिया. आंगनवाड़ी सेविका पर जब तक 'मेस्मा' रद्द नहीं किया जाता, तब तक सदन न चलने देने की चेतावनी विधान परिषद प्रतिपक्ष नेता धनंजय मुंडे

शेष पृष्ठ 2 पर

भाजपा विरोधी मोर्चा

शर्त के साथ राज की एंट्री !

मुंबई,एजेंसी, 21 मार्च-एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) के अध्यक्ष शरद पवार से एमएनएस (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) के प्रमुख राज ठाकरे की मुलाकात के बाद राजनीतिक दलों में कयासों का दौर शुरू हो गया. यही नहीं, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि एमएनएस को बीजेपी विरोधी मोर्चे में शामिल होने का कोई भी कदम उठाने से पहले विभिन्न मुद्दों पर अपना पक्ष और अपनी विचारधारा स्पष्ट करनी चाहिए. बता दें कि रविवार को एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने वर्ष 2019 तक मोदी मुक्त भारत का आह्वान किया,जिसके बाद अगले आम चुनावों से पहले उनके राजनीतिक कदम के संबंध में लगाई जा रही अटकलों और कांग्रेस नीत विपक्षी खेमे में उनके शामिल होने की संभावनाओं पर विराम लग गया.

राज के राजनीतिक पक्ष में नहीं है निरंतरता : इन सबके इतर कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के पूर्व प्रमुख माणिकराव ठाकरे ने कहा कि 12 साल पहले जब से राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई है, तब से अब तक उनके राजनीतिक पक्ष में कोई निरंतरता नहीं रही है.

विचारधारा स्पष्ट करना है जरूरी

माणिकराव ठाकरे ने कहा कि राज ठाकरे को स्पष्ट करना होगा कि क्या वह राष्ट्रीय परिदृश्य को अपनाना चाहते हैं या क्षेत्रीय अजेंडा और गैरप्रवासी रवैये पर ही टिके रहना चाहते हैं.

सत्यपाल बिहार के नए राज्यपाल बने

दिल्ली, एजेंसी, 21 मार्च- ओडिशा के राज्यपाल एस सी जमीर के पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद बिहार के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मंगलवार को ओडिशा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई. पांच बार नगालैंड के सीएम रहे जमीर को मार्च 2013 में ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया था. मलिक इससे पहले संसदीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री, पर्यटन मंत्री और केंद्र व राज्य सरकारों के महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं.

सिखों को भारत के खिलाफ तैयार कर रहा पाक

आईएसआई के कैम्प में ट्रेनिंग

नई दिल्ली, एजेन्सी, 21 मार्च - भारत ने कहा है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आयएस सिख युवाओं को भारत में हमला करने के लिए ट्रेंड कर रही है. गृह मंत्रालय ने सोमवार को संसदीय पैनल को बताया कि आयएस के ठिकानों पर इन युवाओं को ट्रेंड किया जा रहा है, ताकि वे भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे सकें. यही नहीं, कनाडा और अन्य जगहों पर बसे हुए सिख युवाओं को भी भारत के खिलाफ भड़काया जा रहा है.

युवाओं को भड़काने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल

केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने आकलन कमिटी को बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के का गलत तरीके से इस्तेमाल कर आतंकी संगठन युवाओं को भडका रहे हैं, उन्हें और कट्टर बना रहे हैं. यह स्थिति सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है. सोमवार को संसद में पेश की गई कमिटी की रिपोर्ट में इस बात पर

शेष पृष्ठ 2 पर